समाचार

खरमोरा में किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया निगम अमले ने

(निगम द्वारा लगातार की जा रही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही)

कोरबा 15 जुलाई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वार्ड क्र. 31 खरमोरा में एक व्यक्ति द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया गया तथा कड़ी हिदायत दी गई कि बेजा कब्जा व अतिक्रमण न करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा व अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसके बावजूद अतिक्रमणकारी अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में निगम के वार्ड क्र.

31 खरमोरा में एक व्यक्ति द्वारा 20 डिसमिल जमीन पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही निगम का अमला मौके पर पहुंचा तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए उक्त 20 डिसमिल जमीन को बेजा कब्जे से मुक्त कराया।

अतिक्रमण न करें, असुविधा से बजे– आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने बेजा कब्जा करने वालों को समझाईश देते हुए कहा है कि वे निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय व निगम की जमीन पर अतिक्रमण करने का प्रयास न करें। उन्होने कहा है कि निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है, अतः अतिक्रमण हटाने से होने वाली असुविधा से बचने हेतु अतिक्रमण न करें। आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के मैदानी अमले को भी कड़े निर्देश दिए है कि वे अतिक्रमण पर सतत नजर रखें तथा यदि कहीं पर भी नया अतिक्रमण होते पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना निगम के अतिक्रमण दस्ते को दें तथा यह सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र में कोई भी नया अतिक्रमण न होने पायें।